**Patrika (Indore), 06th April 2025, Page- 14**

**17 से 20 मई तक चलेगा पहला राउंड**

# आइआइटी इंदौर में एमटेक में प्रवेश शुरू, गेट स्कोर से टीचिंग एसोसिएट में एडमिशन, रिसर्च-इंटरव्यू अनिवार्य

**इंदौर @ पत्रिका.** आइआइटी में एमटेक में दाखिला लेने का सपना देख रहे विद्यार्थियों के लिए बड़ी खबर है। आइआइटी इंदौर में एमटेक कोर्स के लिए कॉमन ऑफर असेप्टेंस पोर्टल (सीओएपी) शुरू हो चुका है। इसी के साथ काउंसलिंग का इंफॉर्मेशन ब्रोशर भी जारी कर दिया गया है। अब विद्यार्थियों के सामने सबसे अहम फैसला है-कौन-सा एमटेक कोर्स चुना जाए? हालांकि, आइआइटी में एमटेक में दाखिला लेना अब सिर्फ गेट स्कोर का खेल नहीं है। आपको यह भी तय करना होगा कि आप रिसर्चर बनना चाहते हैं, प्रोफेसर या इंडस्ट्री प्रोफेशनल।

सभी आइआइटी में एमटेक के तीन प्रमुख विकल्प होते हैं- टीचिंग एसोसिएट (टीए), रिसर्च एसोसिएट (आरए), मास्टर ऑफ साइंस बाय रिसर्च (एमएस)। हर विकल्प की अपनी खासियत है और हर कोर्स अलग-अलग प्रोफाइल के लिए फायदेमंद है। सीओएपी की वेबसाइट पर काउंसलिंग का पूरा शेड्यूल जारी कर दिया गया है। पहला राउंड 17 से 20 मई तक आयोजित किया जाएगा। इसके बाद दूसरा राउंड 23 से 26 मई, तीसरा राउंड 29 मई से 2 जून, चौथा राउंड 5 से 9 जून और पांचवा राउंड 11 से 14 जून तक चलेगा।

## जानिए, किसे कितना मिलेगा स्टाइपेंड?

- टीचिंग एसोसिएट को हर महीने करीब 12,400 रुपए की स्कॉलरशिप दी जाती है।
- रिसर्च एसोसिएट और एमएस स्टूडेंट्स को 24 हजार से लेकर 50 हजार रुपए तक की स्कॉलरशिप मिल सकती है।
- रिसर्च और एमएस के लिए स्कॉलरशिप फिक्स नहीं होती, यह प्रोजेक्ट व फंडिंग पर निर्भर होती है।

## कितने साल के कोर्स?

- टीचिंग एसोसिएट का कोर्स दो साल में पूरा होता है।
- एमएस और रिसर्च एसोसिएट कोर्स की अवधि तीन साल होती है।
- रिसर्च एसोसिएट और एमएस के बीच कोर्स स्ट्रक्चर में ज्यादा अंतर नहीं है, लेकिन दोनों में प्रोजेक्ट्स पर काम करना होता है।

## क्या बेहतर?

आपका सपना विदेश में पीएचडी या रिसर्च फील्ड में कॅरियर बनाना है तो एमएस कोर्स फायदेमंद रहेगा। यदि आप जॉब या टीचिंग फील्ड में जाना चाहते हैं तो टीचिंग एसोसिएट वाला एमटेक बेहतर विकल्प है।